GENERAL INSURANCE EMPLOYEE'S UNION

aiiea

Chandigarh Region (Jalandhar Unit)
(Affiliated to AIIEA)
10, Diamond Avenue, Urban Estate, Phase-I, Jalandhar - 144022

प्रेस नोट

23-07-2021

सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों के कर्मचारियों ने आज भोजनावकाश के दौरान युनाइटेड इडिया इशोरेनस कंपनी के बाहर रोष प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन साधारण बीमा कंपनियों की यूनियनो के ज्वाइंट फ्रंट के आवाहन पर देशभर में किया गया। प्रदर्शन कारी केन्द्र सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों के निजीकरण के प्रस्ताव का विरोध कर रहे थे। प्रदर्शन कारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि 107 निजी साधारण बीमा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण करके भारतीय साधारण बीमा निगम व इसकी चार अनुषंगी कंपनियों नेशनल ,यूनाइटेड इडिया, ओरिएंटल व न्यू इडिया इशोरेनस कंपनी का गठन किया गया। इन कंपनियों ने अपने राष्ट्रीयकरण के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए देश की आम जनता व औधोगिक संगठनों को सामाजिक एंव वित्तीय सुरक्षा दी और अपने राष्ट्रीय करण को सार्थक किया। और देश के ढांचा गत एरिया में निवेश किया। समय की सरकार इन कंपनियों का निजीकरण करने के लिए तैयारी कर रही है। जो कि देश हित में नहीं है। इससे देश वासियों का नुकसान होगा और सरकार भी लाभांश से वचिंत होगी। यह कंपनिया लोकहित की बीमा योजनाओं को कम प्रीमियम पर लागू करतीं हैं। इसलिए इनका निजीकरण देशविरोधी है सरकार को निजी करण का विचार छोड़कर चारों कंपनियों को विलय करके एक मजबूत कंपनी बनाने के लिए तैयारी करनी चाहिए जैसे कि पूर्व वितमंतरी अरुण जेतली जी ने अपने बजट भाषण में कहा था। अब सरकार ने अपनी विलय की धोषना से U Turn लेते हुऐ यूनाइटेड इडिया के निजीकरण की का फैसला लिया है। सरकार का यह कदम देश विरोधी है और बीमा कर्नचारी इसका डट कर विरोध करते है।
कर्नचारी अपने वेतन वृद्धि जो कि 01/08/2017 से लागू किया जाना है पर सरकार एवं जिपसा द्वारा ढिलमुल रवैया अपनाए जाने से खफा हैं। प्रदर्शन कारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार तुरंत वेतन वृद्धि पर बातचीत शुरू करे। बीमा कंपनियों के कर्मचारियों ने कोविड महामारी का सामना करते हुए फ्रंट लाईन में लग कर देश की सेवा की एवं कई साथियों ने अपने जीवन की आहुति दी। बैंक कर्मचारियों एवं एल आइ सी कर्मचारियों को वेतन वृद्धि मिल गया है ओर साधारण बीमा कंपनियों के कर्मचारियों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। प्रदर्शन कारी कर्नचारियों ने तुरंत वेतन वृद्धि पर बातचीत शुरू करने की मांग की अन्यथा वे अपने अन्दोलन को तीव्र करनें को मजबूर होंगे।
रोष प्रदर्शन को अनिल चोपड़ा नरेश कुमार राजेश गुप्ता एवं राजीव वैद ने संबोधित किया।
धन्यवाद।

मेरे सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टफोन से भेजा गया है।